तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 11.5 डिग्री

हरिभूमि
रेवाड़ी भूमि
रोहतक, सोमवार, 24 मार्च 2025

11 अपने अंतरमन में भगवान व गुरु की भक्ति बनाने से मिलते सुपरिणाम

12 शहीद भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु जैसी महान शख्सियत देश के वास्तविक आदर्श

DK Realestate
A name you can trust it.
DK Real Estate
लेकर आया है आपके लिए रेवाड़ी की प्राइम लोकेशन नया बस स्टैण्ड व मैट्रो स्टेशन के पास
प्लॉट ही प्लॉट
Website : www.dkrealestate.co.in Dinesh Kumar dkrealestaterewari YouTube DK Real Estate
मात्र 16500 - 20000
प्रति वर्ग गज से शुरू
9467141575

खबर संक्षेप

रेलवे स्टेशन पर अवैध बीयर के साथ काबू

रेवाड़ी। जीआरपी ने रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 8 पर अवैध रूप से बीयर जा रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। जीआरपी के अनुसार जींद के बडनपुर निवासी प्रदीप कुमार दो बैग लेकर प्लेटफार्म पर जा रहा था। जीआरपी ने बैगों की तलाशी तो एक बैग में बीयर के 88 और दूसरे में 11 केन मिले। वह बीयर के लाइसेंस व परमिट नहीं दिखा पाया। जीआरपी ने दोनों बैग कब्जे में लेने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

दहेज उत्पीड़न मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। महिला थाना पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि उसके ससुराल पक्ष के लोग दहेज के लिए प्रताड़ित करते हैं। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग के माध्यम से समझौता कराने के प्रयास किए। बात सिरे नहीं चढ़ने पर पुलिस ने गत 19 फरवरी को केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने करनाल के घरोंडा निवासी विशाल शर्मा को गिरफ्तार किया है। बाद में उसे पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

खड़ी ट्रेन से लेडीज पर्स लेकर फरार

रेवाड़ी। रेलवे स्टेशन पर खड़ी ट्रेन से एक युवक महिला का पर्स लेकर भाग गया। जीआरपी दिल्ली कैंट को दर्ज शिकायत में दिल्ली के मालवीय नगर निवासी सुरभि ने बताया कि वह अपने पति के साथ ट्रेन से गांधी नगर से दिल्ली जाने के लिए आई थी। जब ट्रेन स्टेशन पर रुकी हुई थी, तो एक युवक का पर्स लेकर भाग गया। पर्स में सोने की अंगूठी, एक हजार रुपये व दस्तावेज थे। दिल्ली कैंट से मिली जीरो एफआईआर के आधार पर जीआरपी ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

कॉपीराइट एक्ट के तहत आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने कॉपीराइट एक्ट के तहत गत वर्ष दर्ज किए गए मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीडिलाइट कंपनी के प्रतिनिधि पुनीत ढींगरा ने गत वर्ष अप्रैल माह में पुलिस शिकायत में आरोप लगाया था कि मॉडल टाउन थाना क्षेत्र में एक सैनेटरी की दुकान पर उसकी कंपनी का उत्पाद एरलडाइट नकली बेचा जा रहा है। पुलिस ने नकदी उत्पाद बरामद करने के बाद केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने अटेली निवासी सौरभ सिंगल को गिरफ्तार किया है। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

कंपनी के लिए घर से निकला युवक लापता

रेवाड़ी। देवलावास की पश्चिम विहार कॉलोनी से कंपनी के लिए कार लेकर निकला एक युवक लापता हो गया। पुलिस शिकायत में जयभगवान ने बताया कि उसका बेटा विकास कुमार एक कंपनी में बावल में कार्य करता है। वह 21 मार्च को गाड़ी लेकर कंपनी के लिए घर से निकला था। इसके बाद वह न तो कंपनी पहुंचा और न ही घर लौटा। उसने आरोप लगाया कि उसके बेटे को किसी अन्य लड़के ने छुपाकर रखा हुआ है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद युवक की तलाश शुरू कर दी।

पीडब्ल्यूडी बी एंड आर विभाग की ओर से 29 जनवरी को शुरू किया गया था 800 मीटर सड़क का निर्माण कार्य

बावल चौक से लियो चौक तक सीसी रोड बनाने का कार्य अंतिम चरण में, पार्टीशन के लिए बनाए जा रहे क्रेश बैरियर

- अंबेडकर चौक से धारूहेड़ा चुंगी का एक तरफा मार्ग अभी भी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पीडब्ल्यूडी बी एंड आर विभाग की ओर से सरकुलर रोड पर बावल चौक से बीएमजी मॉल तक के एक तरफा सीसी रोड को बनाने का कार्य लगभग पूरा कर लिया है। पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से 29 जनवरी से बस स्टैंड के सामने एक तरफ सड़क का तोड़ने का कार्य शुरू किया गया था। इसके बाद 10 फरवरी से सड़क बनाने का कार्य शुरू किया गया।

इस सड़क के निर्माण में करीब 1.5 करोड़ की राशी खर्च की जा रही है। लोक निर्माण विभाग की ओर से अभी सरकुलर रोड की बाकी सड़क को बनाने के कोई टेंडर नहीं किए गए है। पहले बावल चौक से अंबेडकर चौक होते हुए लियो चौक तक दोनों तरफ सड़क बनाने की बात कही जा रही थी, लेकिन अभी एक तरफ के 800 मीटर रोड को ही बनाया जा रहा है, जिसका करीब 20 प्रतिशत कार्य बचा है।

रेवाड़ी। बावल चौक से अंबेडकर चौक पर बनाई गई नई सड़क। फोटो :हरिभूमि

रेवाड़ी। बीएमजी मॉल के सामने चल रहा सड़क निर्माण कार्य। फोटो :हरिभूमि

रेवाड़ी। रोडवेज वर्कशॉप के सामने छोड़ा गया सड़क का टुकड़ा। फोटो :हरिभूमि

सड़क निर्माण से बढ़ी जाम की समस्या

सरकुलर रोड पर सड़क निर्माण कार्य के चलते शहर में जाम की समस्या बढ़ गई है। वाहन चालक वैकल्पिक मार्ग न अपनाकर अंबेडकर चौक से धारूहेड़ा चुंगी जाने के लिए एक तरफा मार्ग से ही गुजर रहे है, हालांकि अंबेडकर चौक पर बेरिकेड लगाकर पुलिस चौपहियां वाहनों को धारूहेड़ा चुंगी जाने के लिए रोक रही है, लेकिन टू-व्हीलर चालक बीच में घुसकर यातायाता बाधित कर रहे है।

डेढ़ महीने से अधिक से चल रहा रूट डायवर्ट

सड़क निर्माण को लेकर ट्रैफिक पुलिस की ओर से रूट डायवर्ट किया गया था। ट्रैफिक पुलिस की ओर बावल चौक, महाराणा प्रताप, ब्रास मार्केट मोड व अंबेडकर चौक बैरिकेड लगाकर वाहनों का रूट डायवर्ट किया गया था। नाईवाली चौक की तरफ से आने वाले वाहनों को ब्रह्मगढ़ के सामने से ब्रास मार्केट की तरफ डायवर्ट किया गया। वर्तमान में बावल चौक से अंबेडकर चौक तक काम होने पर दोनों तरफ यातायात चल रहा है। अभी अंबेडकर चौक से बीएमजी माल तक कार्य चलने के कारण एक तरफा रूट बंद है।

आगामी मंजूरी मिलने के बाद शुरू होगा कार्य

विभाग की ओर से फिलहाल सरकुलर रोड पर 800 मीटर का सीसी रोड ही बनाया जा रहा है, जिसका कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। आगामी मंजूरी मिलने के बाद ही सरकुलर रोड की बाकी सड़क का कार्य किया जाएगा। -जितेंद्र सिंह एक्सईएन

वर्कशॉप के पास सड़क अधूरी

पीडब्ल्यूडी बी एंड आर विभाग की ओर से वर्कशॉप के बाहर का सड़क का टुकड़ा नहीं बनाया है। इस टुकड़े को अधूरा छोड़ दिया गया है। इसके अलावा सड़क के पार्टीशन के लिए सरकुलर रोड पर आरसीसी क्रैश बैरियर बनाए गए है, जिस पर स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। पहले पुलिस की ओर से यातायात व्यवस्थित करने के लिए सीमेंट के बने डिवाइडर ब्लॉक रहे हुए थे, जिनसे अव्यवस्था फैल रही थी। आरसीसी क्रैश बैरियर बनाने में सरकुलर रोड पर जगह अनुसार कट भी छोड़े गए है।

हादसों को निमंत्रण दे रही डिवाइडर की टूटी ग्रिल

रेवाड़ी। महाराणा प्रताप चौक से अनाज मंडी रोड स्थित जवाहर लाल नेहरू पार्क के सामने सड़क पर डिवाइडर की टूटी पड़ी लोहें की ग्रिल कभी भी हादसों का कारण बन सकती है। सरकुलर रोड पर सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है, जिसके कारण याताया इसी रोड से गुजर रहा है। किसान भी अपनी सरसों की फसल को बिक्री के लिए अनाज मंडी में इसी रोड से ला रहे हैं। ऐसे में अधिक भीड़ होने के कारण दुर्घटनाओं का भी अंदेशा बना रहता है। यदि समय रहते ग्रिल को नहीं हटाया गया तो किसी भी प्रकार की दुर्घटना घट सकती है। यह ग्रिल करीब तीन सप्ताह से सड़क पर टूटी पड़ी है। राष्ट्रीय नवचेतना मंच के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र बैरियावास, राष्ट्रीय संयोजक जननेता विजय सोमाणी व अधिवक्ता परिवर्तन सोमाणी ने जिला प्रशासन से सड़क पर पड़े टूटी पड़ी ग्रिल को दुरुस्त करने की मांग की है।

रेवाड़ी। नेहरू पार्क के सामने टूटी पड़ी लोहें की ग्रिल।

राज स्कूल में 572 बच्चों ने दी स्कॉलरशिप परीक्षा

- स्कॉलरशिप परीक्षा का परिणाम 26 मार्च को घोषित किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राज इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को प्री से कक्षा चौथी तक के बच्चों के लिए यंग जीनियस हंट शो और कक्षा नौवीं व ग्यारहवीं के छात्रों के लिए स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन किया।

परीक्षा में 572 बच्चों ने भाग लिया। स्कॉलरशिप परीक्षा का परिणाम 26 मार्च को घोषित किया जाएगा तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार दिया जाएगा। परीक्षा का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनकी शैक्षणिक क्षमता व गतिविधि आधारित परीक्षा के आधार पर 100 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप प्रदान करना है। स्कूल निदेशक नवीन सैनी ने बताया कि यह परीक्षा छात्रों को अपनी प्रतिभा को पहचानने और उच्च शिक्षा की दिशा में अग्रसर होने का सुनहरा मौका प्रदान करती है। निदेशक जितेंद्र सैनी ने कहा स्कूल में एनडीए, आईआईटी, नीट, सीए, यूपीएससी फाउंडेशन और इंटरप्रेन्योरशिप की अलग से तैयारी कराई जाती हैं। स्कूल के बच्चे पढाई के साथ-साथ स्पोर्ट्स और एक्टिविटी में स्टेट और नेशनल लेवल पर अच्छा प्रदर्शन करते आए हैं। इस मौके पर सभी शिक्षक स्टाफ उपस्थित था।

रेवाड़ी। यंग जीनियस हंट शो के बच्चों को पुरस्कृत करते निदेशक व शिक्षक।

ठेके से नकदी व शराब ले जाने का आरोप, चार लोगों के खिलाफ केस

- 1 लाख रुपये, बैट्री, इन्वर्टर, अंग्रेजी शराब की 12 व देशी शराब की 8 पेटी लेकर फरार हो गया

रेवाड़ी। संगवाड़ी में ठेके से नकदी व शराब ले जाने के आरोप में कसोला पुलिस ने सेल्समैन सहित चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस शिकायत में धारूहेड़ा के खलियावास निवासी विशाल ने बताया कि उसने संगवाड़ी में शराब के ठेके लिए हुए हैं। आरोप लगाया कि ठेके का सेल्स यूपी के तारापुर गुगुरापुर निवासी आकाश अपने साथी अंकित व कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर ठेके से लगभग 1 लाख रुपये, बैट्री, इन्वर्टर, अंग्रेजी शराब की 12 व देशी शराब की 8 पेटी लेकर फरार हो गया। आशंका जताई है कि ठेके में चोरी करने के मामले में पूर्व सेल्समैन बबलू भी शामिल है, जो शराब ठेके पर काफी समय तक कार्य कर चुका है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद आरोपियों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

तेल चोरी करने के मामले में इनामी बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सीआईए रेवाड़ी इंचार्ज निरीक्षक सुमेर सिंह की टीम ने इंडियन ऑयल कार्पोरेशन की मुद्रा-पानीपत पाइप लाइन के रेवाड़ी-पानीपत सेक्शन से तेल चोरी करने के मामले में एक पांच हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान यूपी के जिला ईटावा के गांव राजपुर निवासी सूर्य प्रकाश उर्फ मोनू के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में पांच आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के सहायक प्रबंधक सचेत यादव ने अपनी शिकायत में बताया कि 28 फरवरी 2024 को उनकी मुद्रा-पानीपत पाइप लाइन के रेवाड़ी-पानीपत सेक्शन पर गस्त करते समय गार्ड राधेश्याम को गांव भाड़ावास की सीमा मे कच्चा तेल बिखरा हुआ मिला। सूचना पर उन्होंने मौके पर जाकर देखा तो पाइप लाइन को क्षति पहुंचा कर तेल चोरी किया गया था। पुलिस ने मामले में पांच आरोपी अवधेश उर्फ दीपू, भारत, शिवराज, मुकेश व अभिषेक उर्फ पिन्टू को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। सीआईए ने शनिवार को मामले में संलिप्त एक पांच हजार रुपए के इनामी आरोपी सूर्य प्रकाश उर्फ मोनू को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए तीन दिन के रिमांड पर लिया है।

रेवाड़ी। सीआईए की गिरफ्त में इनामी बदमाश।

आने वाले सप्ताह में तापमान में और वृद्धि की संभावना, रात के समय हल्की ठंड बरकरार

सीजन का सबसे गर्म दिन रहा रविवार, 35 डिग्री पहुंचा तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साल में पहली बार मौसम का मिजाज लोगों को कूलर और एसी तैयार करने का संकेत देने लगा है। गर्मी ने दस्तक देना शुरू कर दिया है। गर्मी के तेवर तल्ख होने शुरू हो गए हैं। पंखे चलने एक पखवाड़ा पहले ही शुरू हो गए थे।

अब कूलर और एसी की बारी आ रही है। रविवार का दिन इस साल का सबसे गर्म दिन रहा। अधिकतम तापमान पहली बार 35 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। इससे पहले 14 मार्च को दिन का तापमान 34 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था तथा 27 फरवरी को रात का तापमान 17.5 डिग्री पर आ गया था। रविवार को न्यूनतम तापमान 11.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गत वर्ष 23 मार्च को जिले का अधिकतम तापमान 34 डिग्री व न्यूनतम तापमान 16.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। रविवार को धूप में तेजी के कारण शहर की सड़कों पर यातायात कम नजर आया। गर्मी के दस्तक के साथ दोपहर में सड़के सूनी होने लगी है। इस बार गर्मी की शुरूआत देरी से हो रही है। पिछले दिनों कई हिस्सों में ओलावृष्टि ने तापमान बढ़ने से रोक दिया था। मौसम में बार-बार बदलाव आने के कारण तापमान में उतार-चढ़ाव लगातार बना रहा। तापमान बढ़ने से सुबह से ही गर्मी तेवर दिखाती रही। सुबह के समय हल्की ठंड का असर भी अब खत्म होने लगा है। रात को पंखे चलने शुरू हो गए हैं।

मौसम विभाग के अनुसार लगभग एक सप्ताह तक आसमान साफ रहेगा। बारिश की अभी कोई संभावना नहीं है। तेज हवाएं कुछ दिन तक चलती रहेंगी। तापमान में लगातार वृद्धि दर्ज किए जाने की संभावना जताई जा रही है। मौसम में बदलाव र फसल कटाई से मच्छरों का प्रकोप बढ़ना शुरू हो गया है।

रेवाड़ी। रविवार दोपहर को सूना पड़ा बावल रोड। फोटो :हरिभूमि

गेहूं की कटाई का कार्य भी हुआ शुरू

मौसम ने किसानों का अच्छा साथ दिया है। कुछ दिनों तक मौसम मेहरबान बना रहा, तो गेहूं की फसल भी सलामत रहेगी। इससे दोनों फसलों का अच्छा उत्पादन होने की संभावना है। सरसों की कटाई का कार्य भी तेजी से चल रहा है। अगेती गेहूं की फसल की कटाई का कार्य भी शुरू हो गया है। पछेती गेहूं की फसल को अभी भी सिंचाई की दरकार है।

धोखाधड़ी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। थाना धारूहेड़ा पुलिस ने जमीन की खरीद-फरोख में करीब सवा करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के दो और आरोपियों को धारूहेड़ा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गुरूग्राम के बादशाहपुर निवासी बलबीर ने जड़थल में जमीन खरीदने के लिए नरेंद्र व उसके साथियों को करीब 1.23 करोड़ रुपये दिए थे। इसके बाद जमीन के कागजों में धोखधड़ी करते हुए उसकी रकम हड़प ली। पुलिस ने 28 मई 2023 को केस दर्ज करने के बाद कुछ आरोपियों को काबू कर लिया था। अब पुलिस ने डालूसिंह खेड़ी निवासी नेपाल व नंदरामपुरा बास निवासी रामौतार को इस मामले में गिरफ्तार किया है।

खोखराकोट

रोहतक शहर में खोखराकोट, एक प्राचीन स्थल है, जिसका उल्लेख महाभारत में मिलता है और यह यौधेय गणराज्य की राजधानी थी। इसकी खुदाई में 8वीं शताब्दी ईसा पूर्व से 11वीं शताब्दी ईस्वी तक की वस्तुएं मिली हैं, जो इसकी प्राचीनता को दर्शाती हैं। खोखराकोट से यौधेय शासनकाल के सिक्के और मुहरें मिली हैं, जो प्राचीन भारत में सिक्के ढालने की प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हैं। रोहतक को पहले रोहतासगढ़ कहा जाता था और यह नाम दो पुराने स्थलों के खंडहर स्थलों (खोखराकोट) पर लागू होता है।

लोक साहित्य की धरोहर हैं पं. रामसरूप सिटावली

सांगी

दिनेश शर्मा 'दिनेश'

हरियाणवी का लोक साहित्य समृद्ध रहा है, जिसकी परम्परा बड़ी वैभवशाली है। इसमें हमेशा से सांग और भजन विशेषतः उल्लेखनीय रहे हैं। प्राचीन काल से ही भजनियों के द्वारा समाज के बीच जाकर भजनों से जागृति पैदा करने का रिवाज रहा है। जबकि हरियाणा की प्रसिद्द नाट्य विधा सांग के माध्यम से साँगियों ने जन-मानस के मनोरंजन के साथ-साथ ऐतिहासिक और पौराणिक कथानकों से उन्हें अवगत करने का प्रशंसनीय कार्य किया है।

हरियाणा के सुप्रसिद्ध सांगियों की इस गौरवशाली परम्परा में ही एक नाम है पंडित रामसरूप भारद्वाज सिटावली। पंडित रामसरूप भारद्वाज का जन्म हरियाणा के सोनीपत जिले के गाँव सिटावली में 16 मार्च 1916 को हुआ। जनमानस में रामसरूप सिटावाली के नाम से जाने-जाने कवि पंडित रामसरूप का जन्म एक साधारण परिवार में हुआ। उनके पिता का नाम पंडित बदलूराम और माता का नाम भागोदेवी था। उन्होंने सोनीपत जिले के गाँव जुआं के राजकीय विद्यालय से आठवीं तक की पढ़ाई पूरी की। युवावस्था में इनका विवाह छोटी देवी के साथ संपन्न हुआ। इनके तीन लड़के पंडित दयानंद शर्मा, पंडित राम रतन शर्मा, पंडित राजेंद्र शर्मा व दो लड़कियां राममूर्ति देवी और लक्ष्मी देवी हुई। पंडित रामसरूप बचपन से ही पढ़ने में बहुत होशियार थे। उनका नाम कक्षा के मेधावी छात्रों में लिया जाता था। उन्होंने बचपन से अपने मन के भावों को कविता के रूप में अभिव्यक्त करना शुरू कर दिया था। उनकी आवाज भी मधुर और श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करने वाली थी। उन्हीं दिनों को याद करते हुए एक बार उनके सहपाठी रहे मास्टर नवल सिंह और गामड़ी निवासी टीका राम ने बताया था कि एक बार सुप्रसिद्ध कवि पंडित लख्मीचंद सांग करने के लिए गांव सिटावली आए हुए थे। उनके सांगों को देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते थे, एक दिन पंडित रामसरूप भी वहां चले गए। पंडित लख्मीचंद का सांग देखकर वे इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने पंडित लख्मीचंद को गुरु धारण कर लिया। जब पंडित लख्मीचंद के कहने पर रामसरूप ने गुरु वंदना करके गाना शुरू किया तो वे बहुत प्रभावित हुए और उनके सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया। पंडित रामसरूप के सांग बहुत ही लोकप्रिय रहे। वे अपने समय के बेजोड़ सांगी रहे और उनकी प्रस्तुति पर लोग झूम उठते थे। पंडित रामसरूप ने अनेक सांगों का मंचन किया। वे अपने सांगों में नई-नई बात सुनाते थे जिससे प्रभावित होकर स्वयं उनके गुरुदेव पंडित लख्मीचंद ने उनका नाम 'बिघनी' रख दिया था। उन्होंने इस संबंध में अपनी एक रचना में उल्लेख किया है...

श्री लख्मीचंद गुरु ने धरया बिघनी नाम छांट कै
रामसरूप सिटावली आलां मारै तरले पाट कै।

उन्होंने लगभग दस सालों तक जनमानस के लिए सांग और भजन की प्रस्तुति मंचों से दी। लेकिन दुर्भाग्यवश उनका गला खराब हो गया और उन्होंने सांग करना छोड़ दिया। आजीविका चलाने के लिए पंडित रामसरूप पंडित चिरंजी लाल वकील जो कि पूर्व स्पीकर रहे कुलदीप शर्मा के पिता थे, उनके यहां मुंशी के पद पर काम करते थे। उसी दौरान एक दिन पंडित रामसरूप कुछ लिख रहे थे कि इतने में बाहर से चिरंजीलाल आ गए तो उन्होंने वह कागज अपनी जेब में डाल लिया। इस पर चिरंजीलाल ने कहा कि कविराज! मुझे भी दिखाओ, ऐसा क्या लिख रहे थे जो आप मेरे आते ही छुपा रहे हो तो पंडित रामसरूप ने मना किया। पर बार-बार आग्रह करने पर वह कागज़ उन्हें दे दिया जिस पर लिखा था....

जुलम करै या गवर्नमेंट दे दे पास वकीलां नै
सच पूछो तो भारत देश का कर दिया नास वकीलां नै

यह पढ़कर चिरंजीलाल ने उनकी बहुत सराहना की और बोले आपने बिल्कुल सच्चाई लिखी है। इसके बाद वर्षों तक उनका लेखन जारी रहा। स्वास्थ्य खराब होने के चलते 10 दिसंबर 1976 को पंडित रामसरूप का निधन हो गया। पंडित रामसरूप ने अनेक भजन ,उपदेशक, ब्रह्म ज्ञान के छंद, सोरठे व सांगों की रचना की है। उनके द्वारा जुलाई 1968 में प्रकाशित 'सांगीत कृष्ण का भात' कृति के पृष्ठ आवरण के अनुसार उन्होंने कृष्ण का भात, नल का जन्म, मंदा रानी का दिसोटा (भाग एक), नल गजमोतिन, नरसी का भगत, सती मनोरमा (भाग एक और दो), बजरंग दे (भाग एक और दो), नर सुल्तान निहाल दे (भाग एक,दो और तीन), निहालदे के परवाने, निहालदे सती, सती शीलादे (भाग एक और दो), कृष्ण रुक्मणी सांगों की रचना की। इसके अतिरिक्त हीर रांझा, बीजा सोरठ सांगों की भी लिखें हैं। पंडित रामरतन शर्मा जो पंडित रामसरूप के बेटे हैं और उनकी रचनाओं को समाज की अमानत मानकर सहेजे हुए हैं, के अनुसार उनके द्वारा बनाए गए सांग चंदा भाई, रघुवीर कौर और धर्मपाल शांता कुमारी सांग आज उपलब्ध नहीं हैं।

गौरतलब है कि पिता के संस्कारों के ही प्रभाव से रामरतन शर्मा भी हरियाणवी भजन और रागनियों की रचना करते हैं और एक कवि के रूप में प्रतिष्ठित हैं। पंडित रामसरूप के लिखे सांग और भजन हरियाणा के विभिन्न लोक गायकों द्वारा गाए गये हैं तथा उनकी रचनाएं यूट्यूब पर भी उपलब्ध हैं। रामरतन शर्मा और संस्कृतिकर्मी पंकज शर्मा से प्राप्त जानकारी के अनुसार पंडित रामसरूप के शिष्यों में पंडित लक्ष्मीनारायण, जंगली दास, जगन लाल (नैना), फूल सिंह (खेड़ा), चंदगीराम (पिनाना), रामकिशन रोलद (पिनाना), धन्ना सिंह (सनखेड़ा),शेर सिंह (जुआं), सूरजभान (सिटावली) ने नाम शामिल उल्लेखनीय हैं। जबकि पंडित रामस्वरूप के सांगों से प्रभावित होकर कंवर सिंह (निलोठी), रामचरण (गुमड़), रामकिशन (पिनाना), मेहर सिंह (पुरखास) और जिले सिंह (बरोना) भी उनके शिष्य बने।

पंडित लख्मीचंद का सांग देखकर वे इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने पंडित लख्मीचंद को अपना गुरु धारण कर लिया। जब पंडित लख्मीचंद के कहने पर रामसरूप ने गुरु वंदना करके गाना शुरू किया तो वे बहुत प्रभावित हुए और उनके सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया। पंडित रामसरूप के सांग बहुत ही लोकप्रिय रहे। वे अपने समय के बेजोड़ सांगी रहे और उनकी प्रस्तुति पर लोग झूम उठते थे। पंडित रामसरूप ने अनेक सांगों का मंचन किया। वे अपने सांगों में नई-नई बात सुनाते थे जिससे प्रभावित होकर स्वयं उनके गुरुदेव पंडित लख्मीचंद ने उनका नाम 'बिघनी' रख दिया था।

पंडित रामसरूप के रचना संसार में जहां विविधता के दर्शन होते हैं वहीं बेहतरीन काव्य सौष्ठव भी दृष्टिगोचर होता है। जनसामान्य की भाषा को अपने काव्य में मजबूती से प्रयोग करके वे लोगों के मन तक पहुंचते हैं। उनके काव्य में छंद के प्रति उनकी निष्ठा स्पष्ट दिखती है तो अलंकार स्वतः प्रष्फुटित होते प्रतीत होते हैं। उस पर भी आध्यात्म, देशप्रेम, लोकाचार, जन संवेदना और कर्तव्यबोध उनकी रचनाओं की विशेषता रहे हैं। पंडित रामसरूप अपनी पारिवारिक स्थिति और गुरु से प्राप्त सन्देश का उल्लेख करते हुए लिखते हैं...

लख्मीचन्द गुरू जी जो कहगे वाहे होगी बात सही
इब रामसरूप सिटावली आला टोहे जा कोय चीज नई
भाई पांच मरे मेरे आगै माता बी स्वर्ग सिधार गई
क्यां की खात्तर के करना न्यूं सोच हरि की शरण लई

एक रचना में उन्होंने परमात्मा को चेताते हुए लिखा है ...

सबके मन की जाणण आला नाम तेरा यू अन्तरयामी
भगत तेरे की हीणी होज्या वा भी सै तेरी बदनामी

पंडित रामसरूप के जन्म के समय देश गुलामी से त्रस्त था। उस समय की परिस्थियों का प्रभाव भी उनकी लेखनी पर पड़ा है। भगत सिंह की बहादुरी पर वे कहते हैं ...

भगत सिंह नै जब गोला मारया असेम्बली थर्राई
भाज कई कुर्सी नीचै बडगे कदे दे ज्या सकल दिखाई।

देश की आजादी पर उनकी खुशी उनकी रचना के माध्यम से देखिए...

शुभ घड़ी आज आग्यी म्हारी दया करी भगवान नै
गोरे डरते भाज गए छोड़ कै हिन्दुस्तान नै

एक रचना में सामाजिक एकता का सन्देश देते हुए उनकी पंक्तियाँ प्रभावित करती हैं ...

न्यारे-न्यारे पाटण मै ना होवै थारा गुजारा
घणी सींख मिलकै आपस मै सरकांदे पत्थर भारा

भारतीय समाज की मान्यता लोकाचार देखें ....

गुरु लख्मीचंद धर्म क्षत्री का रामस्वरूप के याद करवा गऊ ब्राह्मण साधु की खातर जान चली जा तै के परवाशीश कटा कै, गऊ छुटा कै, हो ज्या बात वसूल ....

महाभारत में पांडवों के अज्ञातवास के प्रसंग का वर्णन करते हुए उनका एक दोहा प्रस्तुत है...

सुन सैरन्ध्री की बात को हो गया विश्वास
उत्तरा कुमारी पहुंच गई वृहन्नला के पास

रामायण में कैकेयी की वीरता और राम वनवास का वर्णन करते हुए कहते हैं ...

केकैयी दशरथ गैल्यां आप चढ्या करती रण मै
धुरी टुटी हाथ अडाया पीड घणी हुई तन मै
सही राजी होके बचन भरे थे जो धारण करी थी मन मै
वे बचन मांग फेर कढा दिये थे श्री रामचन्द्र जी वण मै

समाज को सन्देश देते हुए उन्होंने लिखा है .....

भुंडा भुंडी करया करै सदा भले पुरुष के संग
जैसे चन्दन कै लिपटया रहै ना तजता जहर भुजंग
कदे नीच नै छेडै ना चाहे कितना करले तंग
जैसे पत्थर पड़ै कीच मै वो उच्छल बिगाड़ै अंग

पंडित रामसरूप सिटावली के विस्तृत साहित्य संसार से रूबरू होकर निश्चित हो जाता है कि उन्होंने अपने साहित्य से हरियाणवी को समृद्ध बनाने का कार्य किया है। उनकी रचनाएँ समाज को प्रेरित करती हैं। निसंदेह ऐसे लोककवि हरियाणवी लोक साहित्य की धरोहर हैं जो किसी को भी हरियाणवी की ओर आकर्षित करते हैं तथा हरियाणा को गर्वित करते हैं।

कविता | सत्यवीर नाहड़िया

चोल्ला नै बदनाम करैं ये...

चोल्ला नै बदनाम करैं ये, पाप हुवै जो भारी।
पग-पग पावैं ढोंगी बाबा, खोल बताऊँ सारी।।

एक बखत था बाबा पग-पग, फरज निभाया करते।
धरम-करम का मरम खोल कै, वे समझाया करते।
कदे नहीं बहकाया करते, पुज्जैं थे नर-नारी।
पग-पग पावैं ढोंगी बाबा, खोल बताऊँ सारी।।

नये दौर के न्यारे बाबा, नित जो ढोंग फलावैं।
अपणे दुक्ख मिटैं कोन्या पर, जग के दुक्ख मिटावैं।
भगत बावळे बढ़ते जावैं, ढोंग-करम न्यूँ जारी।
पग-पग पावैं ढोंगी बाबा, खोल बताऊँ सारी।।

चेल्ले कम अर चेल्ली ज्यादा, नीयत घणी डिगावैं।
कुछ दिन पाच्छै पोल खुलै तै, बंद जेळ म्हं पावैं।
भोळी जंता नै भरमावैं, बणकै खुद अवतारी।
पग-पग पावैं ढोंगी बाबा, खोल बताऊँ सारी।।

किरपा अटकी कोय उतारै, चटणी हरी खुवाकै।
कोये कष्ट मिटावै सारे, धूळी चरण दिवाकै।
कोये दे ताबीज़ बणाकै, कुछ बण ग्ये ब्योपारी।
पग-पग पावैं ढोंगी बाबा, खोल बताऊँ सारी।।

बोट्टां खात्यर नेत्ता सारे, इन्नै सीस नवावैं।
अंधभगत सभ देक्खा-देक्खी, इन्नै पुज्जे जावैं।
कह 'नाहड़िया' ढोंग रचावैं, कला सीख ल्यी न्यारी।
पग-पग पावैं ढोंगी बाबा, खोल बताऊँ सारी।।

कविता | आशा खत्री 'लता'

पणिहारिण स्याणी

जिस कूए का मीठा पाणी,
उड़े तैं भरै पणिहारिण स्याणी।

जितणा हो उतने मैं सारै,
दुखी करया करै चीज बिराणी।

घर-घर हांडै होठ पीटती,
उसनै कह सब धक्के खाणी।

आपणे घर मैं सुथरी लागै,
आपणे राजा के संग रागै।

माँ बाप्पा की पैड़ पै चालै,
छोटा बालक बेटी याणी।

गैर टैम सज-धज कै लिकड़ै,
लोग कहवैं उसनै गिरकाणी।

भले घरां तैं कदै डिगै ना,
आ बैठ अर मीठी बाणी।

कहै 'लता' ढंग तैं चाल्लै तै,
घर मैं सुरग तार ले प्राणी।।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

रोचक तथ्य | **14वीं शताब्दी में यमन के शेखों ने नए किले का निर्माण किया था, जहां वर्तमान में किला मोहल्ला आबाद है**

रोहतक नगर के भव्य ऐतिहासिक साक्ष्य आज भी मौजूद

इतिहास | **यशपाल गुलिया**

रोहतक एक प्राचीन नगर है जिसका साक्ष्य खोखरा कोट स्थल है। खोखरा कोट के उत्खनन से सदियों पुराने सिक्के आदि प्राप्त होते रहे हैं। यहां पर न केवल खोखरों द्वारा निर्मित दुर्ग था बल्कि प्राचीन रोहतक नगर की आबादी भी उसी स्थल के इर्द-गिर्द थी।

विभिन्न पुरातत्वविदों द्वारा समय-समय पर खोजबीन करने पर रोहतक के प्राचीन होने के बारे में साक्ष्य प्राप्त होते रहते हैं। वर्तमान नगर की आबादी सल्तनत काल में स्थानान्तरित हुई प्रतीत होती है। क्योंकि 14वीं शताब्दी में यमन के शेखों ने एक नए किले का निर्माण कर लिया था जहां आजकल किला मोहल्ला आबाद है। उसी किले पर कन्धार के पठानों व शेखों आदि का नियन्त्रण बना रहता था तथा इर्द-गिर्द नई आबादी बस गई। रोहतक के किले पर वर्ष 1412 में मलिक ईदरीश तथा उसके भाई मुबारिज खान का अधिकार था। उस वर्ष सैयद वंश के खिजर खान ने रोहतक के किले पर धावा बोला था जो कई मास के घेरा डालने के बाद सफल हुआ था। लेकिन मलिक ईदरीश ने खिजर खान को एक मुश्त राशि देकर किले पर अपना नियन्त्रण ही बनाए रखा, जो लगभग 20 वर्षों तक रहा। तारीख-ए-मुबारक शाही में उपरोक्त ऐतिहासिक घटनाओं का उल्लेख प्राप्त होता है। उसके बाद मुगल काल में रोहतक परगने का मुखिया शमशेर खां नामक अधिकारी रहा। यद्यपि रोहतक के उस ऐतिहासिक किले के अब कोई अवशेष बाकी नहीं हैं, उस स्थान पर केवल एक मोहल्ला आबाद है। लेकिन 1870 में डेविड बेगलर नामक अंग्रेज ने रोहतक के किले का बाह्य चित्र लिया था जो अभी भी उपलब्ध है। वर्ष 1857 के स्वतन्त्रता संग्राम में भी रोहतक के किले का उपयोग किया गया था, जो ऐतिहासिक पुस्तकों में दर्ज हो गया। किले के आस-पास के निवासी रांघड़ व पठान बबरखां के नेतृत्व में संगठित हो गए और किले मे आवश्यक युद्ध सामग्री इकट्ठी की गई थी। इसका



रोहतक के किले का वास्तिवक चित्र जो कि 1870 में एक अंग्रेज द्वारा लिया गया था।

1857 के स्वतन्त्रता संग्राम में भी रोहतक के किले का उपयोग हुआ

दिल्ली की रिज पर स्थित अंग्रेजों को पता चला तो उन्होंने हड़सन के नेतृत्व में एक सेना रोहतक आक्रमण के लिए भेज दी। किले में ग्रामीण रांघड़ों के अतिरिक्त बगावत करके आई हुई फर्स्ट लाइट इन्फैंट्री यानि पहली हल्की पैदल सेना बटालियन भी थी। इस प्रकार 17 अगस्त 1857 से 2-3 दिनों तक रोहतक के किले के बाहर अंग्रेज सेना से युद्ध हुआ था। अन्ततः जीन्द राजा द्वारा भेजे गए सैनिकों आदि की सहायता से हड़सन का पक्ष विजयी रहा। उल्लेखनीय है कि फर्स्ट लाइट इन्फैंट्री बटालियन मुख्यतः रोहतक कलानौर क्षेत्रों के रांघडों व पठानों द्वारा गठित थी, जो अंग्रेज सेना का अंग होती थी। इसी प्रकार अंग्रेजों का शासन स्थापित होने पर उन्होंने रोहतक, महम, हांसी तक का क्षेत्र दुजाना के नवाब को प्रदान कर दिया था। लेकिन इस क्षेत्र की जनता से वह लगान वसूल नहीं कर पाया और भिवानी में दुजाना नवाब के लड़के का वध कर दिया। तब बोहर वासियों द्वारा दुजाना नवाब के दामाद का कत्ल कर देने पर नवाब ने इस क्षेत्र का स्वेच्छा से परित्याग कर दिया। 1810 में अंग्रेजों ने भिवानी में इकट्ठे हुए ग्रामीणों के साथ युद्ध किया तथा उपरोक्त समस्त क्षेत्र को 1810 से एक नया जिला बना दिया। इसको शिमाली जिले का नाम दिया गया तथा एडवर्ड गार्डिनर को जिलाधीश बनाकर हांसी मुख्यालय स्थापित किया गया जबकि 1818-1820 में गोहाना-खरखौदा परगनों के स्वत्रन्त्र होने पर अंग्रेजों ने 1824 से रोहतक को एक स्वतन्त्र जिला बना दिया। उल्लेखनीय है कि गोहाना-खरखौदा परगनों पर तब तक सिख शासकों का अधिकार था। इसी प्रकार वर्ष 1858 से झज्जर व बहादुरगढ़ रियासतों के जब्त होने पर रोहतक जिले में फिर से एक बार प्रशासनिक परिवर्तन किया गया था।

गौकर्ण तालाब के पास 500 वर्ष पुरानी इमारत, जोकि रोहतक के प्राचीन होने का साक्ष्य है। यहां अरबी भाषा में लिखा शिलालेख भी मौजूद है

सांस्कृतिक विरासत को संजोने में फिल्में अहम : विजय तंवर

कलाकार | **ओ.पी पाल**

भारत एक संस्कृतिक देश है, जिसमें हरियाणा की समृद्ध संस्कृति का अपना अलग महत्व है, जिसकी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलख जगाने में कलाकार, गीतकार, साहित्यकार और लेखक अपनी अपनी विधाओं में साधना करते आ रहे हैं। ऐसे ही फिल्म जगत में अपनी कला के माध्यम से समाज को अपनी संस्कृति को सर्वोपरि रखने का संदेश देते आ रहे कलाकार विजय तंवर ने अभिनेता के साथ फिल्म निर्देशक की भूमिका में लोकप्रियता हासिल की है। फिल्मों के अलावा धारावाहिक व वेबसीरिज के निर्माण में जुटे फिल्म निर्देशक विजय तंवर ने हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत में कुछ ऐसे तथ्यों को भी उजागर किया, जिसमें फिल्मों के क्षेत्र में कला और संस्कृति के आधार पर निर्मित फिल्मों से सामाजिक विरासत को संजोना संभव है।

विजय तंवर का जन्म 15 दिसंबर 1965 को गुरुग्राम जिले के गांव करोला में जगदीश सिंह तंवर और भगवती देवी के घर में हुआ। इनके पिता भारतीय नौसेना में थे। पिता के साथ रहते हुए ही उन्होंने अपनी स्कूली और कालेज की शिक्षा मुंबई में ही ग्रहण की। उनके परिवार में उन्हें अभिनय या संगीत का माहौल तो नहीं मिला, लेकिन वह स्कूल में अपनी म्यूजिक क्लास के दौरान थोड़ा गाना बजाना कर लिया करते थे। इसी कारण स्कूल के वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भागीदारी करने लगे। दसवी कक्षा के दौरान मुंबई में उन्होंने

तीन फिल्मों त्रिशूल, नास्तिक, रॉकी इत्यादि की शूटिंग को देखा तो उनके मन में काम करने का जज्बा पैदा हुआ। खासकर शूटिंग के दौरान सभी प्रमुख अभिनेता समेत सभी कलाकार निर्देशक से लेकर तकनीकी टीम को सम्मान देते हैं और निर्देशक के इशारे पर काम करते हैं। उन्होंने सम्मान की खातिर फिल्म जगत में किसी भी ऐसी भूमिका के लिए उत्सुकता महसूस की। इसलिए वह फिल्म निर्देशकों और प्रोडयूसरों के दफ्तरों के चक्कर काटकर उनसे मेलजोल बढ़ाने लगे। फिल्म क्षेत्र में काम करने के लिए ही विजय तंवर ने सामाजिक कार्य में प्रोफेशनल मास्टर डिग्री, फिल्मोग्राफी, फिल्म मेकिंग में कोर्स भी किये। फिल्म निर्देशक विजय तंवर ने बताया कि ग्रेज्युएशन के दौरान कुछ प्रोड्यूसर, डायरेक्टरों से संबंध मजबूत हुए तो सहायक निर्देशक के रूप में काम मिल गया। हालांकि उन्होंने ऐसा कोई कोर्स तो नहीं किया था, इसलिए भरोसा जमाने के लिए चार पांच साल लग गये। उन्हें पहली फिल्म मिली तो उनका आत्मविश्वास बढ़ा और उसके बाद पांच फिल्मों में काम किया, जिनमें दो रिलीज हो पाई। उनके सहायक निर्देशन में पहली रिलीज होने वाली फिल्म 'अधूरी सुहागरात' थी। दूसरी फिल्म मोहब्बत मेरा नसीब थी, जिसमें अनुपम खेर, सुरेश ओबरॉय, मोहनीश बहल, पुनीत इस्सर आदि रहे। इसके बाद बागी औरत फिल्म में उन्होंने काम किया। उन्होंने दूरदर्शन पर 52 एपिसोड का सीरियल 'दास्ताने हातिम ताई' किया। इसके बाद एसोसिएट डायरेक्टर के रूप में तीन और सीरियल किये, जिनमें द ग्रेट मुगल, इन्तेहा और स्पेशल टास्क फोर्स के नाम शामिल हैं। उन्हें एक हरियाणवी फिल्म 'छोरी नट की' में भी काम करने का मौका मिला। तंवर को हिंदी फिल्म 'गुड्डू' में भी सहायक निर्देशक के रूप में काम करने का मौका मिला।

फिल्म कलाकार विजय तंवर का कहना है कि युवाओं को लोक कला संगीत, अभिनय संस्कृति के प्रेरित करना चाहिए, जिसके लिए वह भी करते आ रहे हैं। कला के माध्यम से ही संस्कृति हमारे जीवन में संगीत, नृत्य, नाटक, चित्रकला, सिनेमा, फोटोग्राफी रूप में अभिव्यक्ति पाती है। इस युग में युवाओ को लोक कला, संगीत, अभिनय, रंगमंच जैसी संस्कृति के लिए प्रेरित करना आवश्यक है, जो सामाजिक परिदृश्य को संरक्षित या मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण है। भले ही नए तकनीक संचार के उपयोग के कारण युवा अधिक ध्यान दे रहे हों, लेकिन अपनी संस्कृति के मान सम्मान से ही वे अपनी सामाजिक विरासत को संजोए रख सकते हैं।

पुरस्कार और सम्मान

विजय तंवर के निर्देशन में समाज में बालिकाओं की स्वीकार्यता पर आधारित निर्मित लघु फिल्म 'दिशा' को 25 से भी ज्यादा फिल्म फेस्टिवल में पुरस्कार मिल चुके हैं। तंवर को मिले प्रमुख पुरस्कारों में दादा साहब फाल्के अवार्ड के अलावा मराठवाडा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल मुंबई, काशी इंडियन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, गंगटोक इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, एशियन टेलेंट इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, रील्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, सेवन सिस्टर नॉर्थ ईस्ट इंटर नेशनल फिल्म फेस्टिवल, उमरेड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, जलगांव इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल तथा रोशनी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल आदि में पुरस्कार मिले हैं।

खबर संक्षेप

ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

नाहड़ । राजकीय महाविद्यालय नाहड़ की एनएसएस यूनिट-2 की स्वयंसेविकाओं ने रविवार को एनएसएस कैंप के दौरान गांव जुड्डी गांव में सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली। एनएसएस प्रभारी प्रियंका कुमारी के मार्गदर्शन में छात्राओं ने लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया। एनएसएस प्रभारी एवं स्वयं सेविकाओं के बीच पर्यावरण संरक्षण पर संवाद हुआ, जिसमें प्रभा, अंकिता, पूजा, मोनिका व अंतिम ने अपने विचार रखते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने, प्लास्टिक का कम से कम प्रयोग करने व जल को व्यर्थ नहीं बहाने पर बल दिया। कार्यक्रम में मेहंदी प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें अपेक्षा ने प्रथम, योगिता ने द्वितीय एवं धनवंती ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

मुकुंदपुरा में श्रीश्री 1008 सांवलदास का मेला 26 को

नारनौल। गांव मुकुंदपुरा में 26 मार्च को श्रीश्री 1008 बाबा सांवलदास महाराज के मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले से पहले 25 मार्च की रात्रि को जागरण होगा। सरपंच महेश कुमार घेघड़ ने बताया कि मेले में 51 रुपये से लेकर 31 हजार रुपये तक की कुश्तियां करवाई जाएंगी। इस मौके पर नांगल चौधरी की विधायक मंजू चौधरी एवं पूर्व मंत्री डा. अभय सिंह यादव मुख्यातिथि होंगे। श्योराम सरपंच, दानाराम कलावत, जिलेसिंह यादव, कैप्टन नरेंद्र यादव, कंवर सिंह कलावत, महीपाल यादव, चेतराम, राजपाल यादव, गोलू यादव, सतीश यादव समेत गणमान्य लोग मेले को संचालित करने पर काम कर रहे हैं।

कुलपति के नेतृत्व में प्रत्येक विभाग का दौरा कर रही टीम

आईजीयू ने की नैक एवं एनआईआरएफ की तैयारी शुरू, सभी विभागों से ले रहे प्रेजेंटेशन

प्रतिनिधिमंडल वाणिज्य विभाग, रसायन विभाग, कंप्यूटर साइंस एवं बायोटेक विभाग का दौरा कर चुका

- निदेशक प्रोफेसर ने विभाग में तैयारी का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रेवाड़ी। आईजीयू का गठित प्रतिनिधिमंडल। फोटो : हरिभूमि

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर ने कुलपति प्रोफेसर जयप्रकाश यादव के नेतृत्व में राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क एवं राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद यानि नैक की तैयारी शुरू कर दी है। इसके अंतर्गत गठित टीम कुलपति के नेतृत्व में प्रत्येक विभाग का दौरा कर रही है। आगामी 29 मार्च तक तय किए गए कार्यक्रम में प्रत्येक विभाग की तरफ से कुलपति के सम्मुख प्रेजेंटेशन दी जा रही है। इसके अंतर्गत विभाग के सभी शिक्षक एवं विभागाध्यक्ष अपने शोध कार्यों, शोध प्रोजेक्ट, शिक्षण कार्य, विभागों की विभिन्न गतिविधियों एवं नैक के संबंध में अब तक की तैयारियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत कर रहे हैं। कुलपति एवं प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्य अपने सुझाव भी विभागों को दे रहे हैं। प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह, अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले प्रोफेसर मंजू परूथी, विश्वविद्यालय के प्राणी विज्ञान विभाग में नवनियुक्त प्रोफेसर एवं नैक समन्वयक प्रोफेसर पंकज त्यागी, विवि में शोध एवं विकास कार्यों के निदेशक प्रोफेसर सुनील कुमार एवं विवि की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की निदेशक प्रोफेसर रश्मि पुंडीर प्रत्येक विभाग में तैयारी का जायजा ले रहे हैं और अपने सुझाव भी दे रहे हैं। कुलपति की अध्यक्षता में गठित प्रतिनिधि मंडल अब तक वाणिज्य विभाग, रसायन विभाग, कंप्यूटर साइंस एनवायरमेंटल साइंस एवं बायोटेक विभाग का दौरा कर चुका है और इसी क्रम में आने वाले दिनों में सभी विभागों का दौरा करके उनकी प्रेजेंटेशन कराई जाएगी।

शिक्षकों की कमी बहुत हद तक दूर हुई

कुलपति प्रोफेसर जयप्रकाश यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय में नवीन नियुक्तियां का कार्य होने से लंबे समय से चली आ रही शिक्षकों की कमी बहुत हद तक दूर हो गई है और अब विश्वविद्यालय कि देशभर में पहचान हो, इसके लिए शोध कार्यों की गुणवत्ता को ऊपर उठाना सर्वाधिक आवश्यक है। विश्वविद्यालय में एचडी एवं अन्य रिसर्च पेपर के अंतर्गत होने वाले शोध कार्य गुणवत्ता पूर्ण हो और उनका प्रकाशन स्कोपस एवं वेब आफ साइंस जैसे उत्कृष्ट जर्नल में हो, जिससे विश्वविद्यालय कि वैश्विक स्तर पर पहचान बने। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के शिक्षक इंडस्ट्रीज एवं अन्य संस्थाओं के साथ जुड़कर वहां पेशेवर काउंसलिंग एवं विभिन्न शोध प्रोजेक्ट कार्यों के लिए आगे बढ़े और निकट भविष्य के लिए अपना एक विस्तृत विजन तैयार करें, जिससे आने वाले समय में नैक के बेहतर ग्रेडिंग के लिए और एनआईआरएफ से उन्नत रैंकिंग के लिए स्वयं को तैयार रख सकें।

राजपूत सभा ने सरकार में उचित प्रतिनिधित्व मांगा

- सभा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर सरकार के बोर्ड निगम और अन्य पदों में प्रतिनिधित्व की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर सरकार के बोर्ड निगम और अन्य पदों में एक दर्जन प्रतिनिधित्व मांगे हैं। पंजाब के गांव तलवंडी रुक्का में आयोजित बैठक के बाद सभा की कार्यकारिणी बैठक में यह प्रस्ताव पारित हुआ। अध्यक्ष नरेश चौहान राष्ट्रपूत ने कहा कि हरियाणा में लगातार तीसरी बार किसी एक पार्टी की सरकार बनवाने का भाजपा कीर्तिमान स्थापित में राजपूत समाज की निर्णायक भूमिका रही है।

एडवोकेट नरेश चौहान

अब सरकार को भी समाज के कर्मठ और योग्य कार्यकतार्ओं को मुख्यमंत्री कार्यालय, विभिन्न सरकारी निगम बोर्ड के अध्यक्ष ,हरियाणा पब्लिक सर्विस कमिशन का सदस्य, सरकारी विश्वविद्यालय में कुलपति और रजिस्टर के कम से कम एक दर्जन पदों पर नियुक्ति देकर सबका साथ सबका विकास नारे को चरितार्थ करना चाहिए। सभा का एक प्रतिनिधि मंडल शीघ्र ही इस विषय में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर इन पदों पर नियुक्ति के लिए पात्र और समाज के समर्पित योग्य उम्मीदवारों की सूची सौंपेगा। बैठक में प्रो दशरथ चौहान,सुरेंद्र सिंह परमार, संजय सिंह बिष्ट, ओमबीर तंवर, नेत्रपाल तंवर, सतीश परमार, महेंद्र सिंह मोयल, सतपाल राठौर, हरकेश चौहान, विजय सिंह शेखावत, ग्रुप कैप्टन विक्रम राठौर, वीरेंद्र चौहान, कंवरपाल सिंह परमार, कैप्टन सुरेश तंवर,कमांडो वीर सिंह तंवर, राजवीर सिंह भदोली, कंवरपाल भदौली, प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह चौहान, सूर्य प्रताप, धर्मबीर चौहान व अनिल चौहान मौजूद थे।

युवाओं से भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु के जीवन से प्रेरणा लेने का किया आह्वान

- हिंदुस्तान फर्स्ट राष्ट्र प्रथम ने कार्यक्रम का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को सामाजिक संस्था हिंदुस्तान फर्स्ट राष्ट्र प्रथम ने गढ़ी बोलनी रोड स्थित क्रांति क्षेत्र पर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सद्गुरु शिवचंद इष्टधारी ने मंत्रोचारण से किया। कार्यक्रम में शहीदों की शहादत को याद करते हुए हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। हवन के उपरांत शहीदे आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित करके श्रद्धांजलि दी गई। संस्था के प्रधान हर्ष सैनी ने कहा कि आज राष्ट्र में राष्ट्रीय चरित्र की भावना की बहुत जरूरत है। अगर राष्ट्र को विश्व गुरु बनाना है तो हमारा राष्ट्रीय चरित्र मजबूत होना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए बहुत लोगों ने प्रयास किया व सात लाख से ज्यादा लोगों ने अपनी शहादत दी। उन्हीं की शहादत का परिणाम था कि आमजन में त्याग की भावना जागी, राष्ट्रीय चरित्र मजबूत हुआ और अंग्रेजों को देश छोड़कर भागना पड़ा। शहीद भगत सिंह उन सब की पहचान के रूप में आज हमारे दिलों में बसते हैं। संस्था प्रत्येक युवा को भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव जैसे शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित करेगी। इस अवसर पर उषा आर्य, संस्था के महासचिव एडवोकेट विनय रेवड़िया, जन जागरण अभियान के अध्यक्ष मुकेश गोकल, युवा विंग के अध्यक्ष जोगिंदर सैनी, गुलशन शर्मा, अमित सैनी एडवोकेट मोहित, एडवोकेट मुकेश रंगा, नवीन पोपली, हेमंत अग्रवाल, दिनेश सैनी, अजय रंगा, संजय सैनी, सतीश प्रजापति, पूर्व बार प्रधान सुधीर यादव, एडवोकेट प्रीतम सैनी, एडवोकेट प्रशांत, एडवोकेट कपिल, एडवोकेट जितेंद्र, धीरज यादव, विशाल सैनी, जतिन, सौरव यादव व पवन यादव मौजूद थे।



रेवाड़ी। शहीद भगत सिंह को नमन करते हुए लोग। फोटो : हरिभूमि

दीवान फोरव्हील्स ने सीएसआर पहल के तहत आयोजित किया

वृद्धाश्रम में चिकित्सा शिविर में 254 लोगों के कराई स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

झज्जर रोड़ स्थित आशियाना वृद्धाश्रम में शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर बाबा फरीद सेवा ट्रस्ट, श्री राम शाखा भारत विकास परिषद, रोटरी क्लब ऑफ रेवाड़ी मेन और नई दिशा युवा मंच के संयुक्त तत्वावधान में दीवान फोरव्हील्स ने सीएसआर पहल के तहत आयोजित किया। शिविर में 254 मरीजों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं और 125 लोगों की निःशुल्क रक्त जांच की गई। सभी मरीजों को दवाईयां भी वितरित की गईं। मरीजों को निःशुल्क अल्ट्रासाउंड एवं एक्स-रे जांच की सुविधा भी दी गई। शिविर में डा. आरबी यादव, डा. सुमन यादव, डा. रवि यादव, डा. विक्रम यादव, डा. दीपक यादव, डा. प्रशांत यादव, डा. नीरज यादव, डा. प्राची जैन, डा. नीरज अग्रवाल, डा हेमंत यादव डा. सोनम बत्रा और डा. अनुपमा ने ओपीडी सेवाएं प्रदान की। शिविर के मुख्य अतिथि सीए अमित संघी ने स्वस्थ एवं निरोगी काया का महत्व बताया। आरएसएस के जिला संघचालक रामोतार गौतम ने शहीद दिवस पर प्रकाश डाला। इस मौके पर दिनेश राजपाल, सीए जितेश अग्रवाल व मनीष अरोड़ा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

रेवाड़ी। शिविर का शुभारंभ करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

मेघवाल उत्थान समिति की हुई बैठक

ये शहीदों की ही देन है जो हम आज आजादी से खुली हवा में सांस ले रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

मेघवाल उत्थान समिति की साप्ताहिक बैठक का आयोजन गांव ढालियावास में किया गया। बैठक की अध्यक्षता हुकम सिंह ने की। सचिव भूपेन्द्र शेखपुर ने मंच का संचालन किया। सभी ने शहीद दिवस पर शहीद ए आजम भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु के बलिदान को याद कर उनको नमन किया। सचिव ने कहा के आज शहीदों की ही देन है जो की आज हम आजादी से खुली हवा में सांस ले रहे हैं। संरक्षक वेदप्रकाश मेघवाल ने कहा कि भविष्य में सर्व समाज अपने आप को मेघवाल कहकर ही संबोधित करे। शिक्षाविद अशोक मेघवाल व अध्यक्ष सूरजभान ने सभी ग्राम पंचायतों में अनुसूचित जातीय चौपाल को मेघवाल चौपाल से नामकरण करने की मांग की। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष बलबीर सिंह, सुंदरलाल भटेडिया, चित्र सम्भरवाल,डा. गजराज, तेजपाल, रूडाराम, हवासिंह अहरोदिया, सतीश, श्यामलाल, मनोज, रामौतार बनीपुर, मनोज, लालचंद, नकुल, सुरेश व पवन सहित अनेक लोग मौजूद थे।

रेवाड़ी। बैठक में मौजूद मेघवाल समिति के सदस्य।

धामलावास में बालीवॉल मैच का हुआ आयोजन

रेवाड़ी। जिला प्रमुख मनोज यादव ने रविवार को गांव धामलावास में आयोजित बालीवॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला प्रमुख ने गांव में जिला परिषद् की ओर से बनाए गए टीनशेड, शौचालय व महिला संस्कृति केंद्र का उद्घाटन तथा ट्रैक व पार्क का शिलान्यास किया। जिलाप्रमुख ने कहा कि खेलों के आयोजन नौजवानों में मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर सरपंच मंजू देवी व गांव के गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

ओपन दौड़ प्रतियोगिता में हेमंत व प्रियांशी बने विजेता

- गांव गोठड़ा टप्पा डहीना में शहीदों की याद में किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डहीना

गांव गोठड़ा टप्पा डहीना में राइट डायरेक्शन चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से शहीदों की याद में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने राष्ट्रीय ध्वज दिखाकर दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। लड़कों की 5 किलोमीटर ओपन दौड़ प्रतियोगिता में हेमंत ने प्रथम, रवि ने द्वितीय और किशन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लड़कियों की ढाई किलोमीटर ओपन दौड़ में प्रियांशी ने प्रथम, तन्वी ने द्वितीय तथा ऋचा ने तृतीय स्थान पाया। लड़कों की अंडर-14 दौड़ प्रतियोगिता में निशांत, सूक्ष्म और समर ने क्रमशः पहला, दूसरा तथा तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कियों की अंडर-14 दौड़ प्रतियोगिता में प्रियांशी ने पहला, वंशिका ने दूसरा तथा प्रीति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि अतरलाल ने विजेता प्रतिभागियों को मेडल, स्मृति चिन्ह तथा नकद इनाम देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर देवेंद्र सिंह, अजय चौहान, अमित चौहान, सचिन चौहान, मास्टर शक्ति सिंह, डॉक्टर रोहित, अशोक डहिना, राजकुमार पूर्व सरपंच, महिपाल पूर्व सरपंच, मुरारी सिंह, बलजीत कोच, रूपेश, कमल सिंह, सूबेदार जय सिंह, राजकुमार यादव, रविंद व पंकज कोच कंवाली सहित अनेक खिलाड़ी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

रेवाड़ी। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि। फोटो : हरिभूमि

अग्रवाल वैश्य समाज की सचिव बनीं सपना

- सपना ने रेवाड़ी विधानसभा महिला अध्यक्ष सुनीता अग्रवाल का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

अग्रवाल वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष नवीन सिंगल ने सपना कुमारी अग्रवाल को अग्रवाल वैश्य समाज रेवाड़ी की महिला विधानसभा सचिव मनोनीत किया है। सपना कुमारी अग्रवाल ने उनका और रेवाड़ी विधानसभा महिला अध्यक्ष सुनीता अग्रवाल का आभार जताया है। उन्होंने वैश्य समाज के लिए कार्य करने, समाज के लोगों को एकजुट करने, समाज के लोगों को संगठन से जोड़ने और समाज हित के लिए कार्य करने का आश्वासन दिया है।

अग्रवाल वैश्य समाज की महिला अध्यक्ष सुनीता अग्रवाल, सदस्य रेखा अग्रवाल, पूजा गुप्ता, अंजू अग्रवाल, शशि बंसल, सीमा खंडेलवाल, प्रिया गोयल, निर्मल सिंगल, संजय सिंगल, प्रवीण बंसल, हिमांशु सिंगल, मनोज कुमार गुप्ता, पुनीत सिंगल, अशोक गोयल, विनय बंसल व मोहित सिंघल ने सपना कुमारी को शुभकामनाएं दी है।

सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ियों का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नाहड़

सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए जिले के खिलाड़ियों की ट्रायल रविवार को कारोली में लिया गया। ट्रायल में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले बच्चे 29 व 30 मार्च को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विवि में होने वाली राज्य सीनियर एथेलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेंगे। लड़कों की 100 मीटर रेस में सूरज ने प्रथम, दिलखुश ने द्वितीय व परमजीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लड़कियों में पूनम पे पहला, ज्योति ने दूसरा व वर्षा ने तीसरा स्थान हासिल किया।

श्योलाल दोबारा बने गुर्जर समाज के प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रविवार को कसोला स्थित शिव मंदिर में गुर्जर समाज की पंचायत आयोजित हुई। पंचायत की अध्यक्षता श्योलाल पहलवान ने की। कर्नल जीआर चौकन और समाज के लोगों ने सर्वसम्मति से श्योलाल पहलवान को गुर्जर समाज का प्रधान नियुक्त किया। इस मौके पर प्रधान श्योलाल प्रधान ने कहा कि कुरीतियों पर पाबंदी लगाने के लिए 27 अप्रैल को शिव मंदिर कसोला में समाज की विशाल पंचायत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें समाज में डीजे व शराब सहित कई कुरीतियों पर पाबंदी लगाने का फैसला लिया जाएगा। इस मौके पर गोवर्धन पातुहेड़ा, विजय पंच, सुभाष छावड़ी चेयरमैन, विक्रम उप चेयरमैन कसोली, विक्रम पहलवान व सुखबीर सिंह कसोला सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

प्रवचन सच्चे भाव से की गई भक्ति पुण्य लाभ देती

अपने अंतरमन में भगवान व गुरु की भक्ति बनाने से मिलते सुपरिणामः मुनि सागर

आप जब सच्चे दिल से उन्हें स्मरण करेंगे तो आपके कल्याण का मार्ग प्रशस्त होगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रेवाड़ी। दिगम्बर जैन मंदिर में प्रवचन देते हुए प्रणम्य सागर महाराज।।

जैनाचार्य विद्यासागर महाराज के परम शिष्य मुनि प्रणम्य सागर महाराज ने कहा कि भगवान व गुरु की भक्ति अपने अंतरमन में बनाए रखोगे तो इसके सुपरिणाम मिलेंगे। उन्होंने कहा कि भगवान व गुरु कितने ही दूर हों, लेकिन आपकी भक्ति उन्हें निकट ले आती है। उन्होंने कहा कि सच्चे भाव से की गई भक्ति पुण्य लाभ देती है। उनके स्मरण मात्र से ही जीवन का कल्याण होता है। मुनिश्री ने रविवार को मॉडल टाउन स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में आयोजित प्रवचन कार्यक्रम में विचार व्यक्त किए।

जैनमुनि ने कहा कि सभी रोजाना भगवान का अभिषेक व पूजा अर्चना करते हैं। इस पूजा अर्चना का सुफल तभी मिलेगा, जब आप भगवान के सिद्धांतों को जीवन में आत्मसात करेंगे। उन्होंने कहा कि उसी तरह गुरु आपसे कितने ही दूर चले जाएं, लेकिन आप अपनी सच्ची भक्ति न छोड़े। आप जब सच्चे दिल से उन्हें स्मरण करेंगे तो आपके कल्याण का मार्ग प्रशस्त होगा। प्रवचन के उपरांत मंदिर में प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का भक्तामर विधान हुआ, जिसमें महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से हिस्सा लिया।

इस मौके पर समाज के प्रधान महेन्द्र कुमार जैन सर्राफ, उपप्रधान अरविन्द जैन, मंदिर प्रबंधन समिति के प्रधान दिनेश जैन लोहिया, सचिव दिनेश कुमार जैन, प्रदीप जैन, पदम जैन, अजय जैन, मुकेश जैन सर्राफ, मोहित जैन सीए व मुनि संघ के प्रधान सतीश जैन उपस्थित

ब्राह्मण सभा केहेल्थ कैंप में 680 लोग लाभान्वित

रेवाड़ी। ब्राह्मण सभा की ओर से रविवार को शहीदी दिवस के अवसर पर ब्रह्मगढ़ परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 680 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराई। सभा प्रधान चंद्रशेखर गौतम की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त भारतीय राजस्व अधिकारी एवं वरिष्ठ समाजसेवी गुरुग्राम कल्याण सिंह शर्मा व विशिष्ट अतिथि हरिराम उपस्थित थे। शिविर में डा. संजय वत्स ने चर्मरोग के 105 लोगों, डा. सिद्धार्थ मुदगिल ने हड्डीरोग के 110, डा. विवेक अग्निहोत्री से नेत्ररोग के 300 तथा स्वास्तिक डा. प्रज्ञा एस शर्मा से दंतरोग के 75 लोगों की जांच की। शिविर में 60 लोगों को निःशुल्क चश्में और 30 लोगों को मोतियाबिंद और नजर के ऑपरेशन करने की तिथि दी गई। मंच संचालन राकेश वत्स ने किया। शिविर में उपप्रधान दीपक मुदगिल एडवोकेट, महासचिव जयकुमार कौशिक, सहसचिव संदीप भारद्वाज, कोषाध्यक्ष खुशहाल शर्मा, मैनेजर हेमंत भारद्वाज,सहप्रबंधक दीपक शर्मा,पूर्व कार्यकारी प्रधान प्रेम कौशिक, पूर्व ,उपप्रधान घनश्याम भारद्वाज,पूर्व महासचिव ओमप्रकाश शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य भूपेंद्र भारद्वाज, प्रेस सचिव रमेश वशिष्ठ, जितेंद्र तिवाड़ी, नरेश स्वामी, सुरेश शर्मा,मनीष जोशी,राम भगवान, श्याम बाबू, प्रदीप शर्मा, विपिन वशिष्ठ, सुभाष भारद्वाज, दीपक हरित व दिनेश वशिष्ठ उपस्थित थे।

रेवाड़ी। शिविर में जांच कराने के लिए लगी कतार। फोटो : हरिभूमि

शिविर में 193 लोगों की जांच

रेवाड़ी। यादव कल्याण सभा की ओर से रविवार को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्रीकृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 193 मरीजों की जांच की गई। डा. रवि राव ने मेडिसिन, डा. आरबी यादव ने हड्डीरोग, डा. पवन यादव ने न्यूरो सर्जरी, डा. अजीत यादव ने बालरोग, डा. अनिल यादव ने ओपीडी सेवाएं प्रदान की।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गांव नेहरूगढ़ में स्वास्थ्य विभाग की पुरानी बिल्डिंग जो विभाग द्वारा कंडम हो चुकी है, को तोड़ने व सामान की नीलामी के इच्छुक बोलीदाता दिनांक 27 मार्च 2025 को प्रातः 10 बजे पहुंच सकते हैं। शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत नेहरूगढ़
खण्ड नाहड़
जिला रेवाड़ी

खबर संक्षेप

बावल में स्मारक पर शहीदों को किया नमन

रेवाड़ी। रविवार को शहीदी दिवस पर बावल नगर पालिका के चेयरमैन वीरेन्द्र सिंह महलावत ने साथियों के साथ स्मारक पर शहीद भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव सहित देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर नपा चेयरमैन वीरेन्द्र सिंह महलावत ने कहा कि देश के वीर शहीदों की बदौलत ही आज हम खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं। इनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर नगर पार्षद सुखबीर सिंह, हरीश मेहंदीरत्ता, महाबीर सैनी पहलवान, चौधरी सुल्तान सिंह, चौधरी हरीराम, नरेंद्र सैनी, दरियाव सिंह, करण सिंह महलावत, चतुर्भुज फौजदार, रामनिवास प्रजापत, खेमचंद वअमित महलावत सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

फाउंडेशन ने लगाया शिविर 82 लोगों ने किया रक्तदान

रेवाड़ी। शहीदी दिवस के मौके पर परमार्थ फाउंडेशन कमालपुर की ओर से स्वैच्छिक दान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 82 युवाओं ने रक्तदान किया। शिविर में जोगिन्द्र मैमोरियल ब्लड बैंक की टीम ने रक्त एकत्रित किया। डा. आकाश के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में युवाओं को रक्तदान करने का महत्व बताया गया। शिविर में अनिल, देवेंद्र, सचिन, परवीन, जतिन, राहुल, अंकित, आशीष, नवीन, एडवोकेट साहिल, अजीत, नरेश, कुशाल, सचिन, सागर, मनीष, नरेश, टिंकू, अमित, सुनील, योगेश, जॉनी, कुलदीप व करमजीत ने सहयोग किया। डा. आकाश और आयोजक टीम ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया।

शहीदी दिवस पर जिला प्रशासन व सामाजिक संगठनों ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

शहीद भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु देश के वास्तविक आदर्श: डीसी

- याद करो कुबार्नी थीम पर रेवाड़ी से इंडिया गेट तक ऐतिहासिक दौड़ में भागीदार बने नन्हे धावक शानू और मनु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रेवाड़ी। शहीदी दिवस पर दौड़ के धावकों को प्रोत्साहित करते डीसी अभिषेक मीणा तथा धारूहेड़ा में शहीद भगत सिंह को याद करते लोग। फोटो : हरिभूमि

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि भारत हमेशा भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु के बलिदान को याद रखेगा। ये वे महान लोग हैं, जिन्होंने देश के स्वतंत्रता संग्राम में अपना अद्वितीय योगदान दिया है। ऐसी महान शख्सियत ही देश के वास्तविक आदर्श हैं। डीसी ने भारत मां के महान सपूत भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के शहीदी दिवस पर वीर शहीदों की शहादत को नमन करते हुए युवा शक्ति को ऐसी महान विभूतियों के आदर्शों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। डीसी ने शहीदी दिवस पर याद करो कुबार्नी थीम के तहत रेवाड़ी से इंडिया गेट तक शुरू हुई ऐतिहासिक दौड़ का नेतृत्व कर रहे दो नन्हें धावक शानू और मनु को रवाना किया। डीसी ने कहा कि यह जिले के लिए गौरव की बात है कि हमारे बच्चे देश के वीर सपूतों की याद में दौड़ में भागीदार बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों की शहादत को सम्मानित करने और उनकी वीरता को याद करने के लिए आयोजित की जा रही यह दौड़ युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगी। उन्होंने कहा कि यह दौड़ स्वतंत्रता सेनानियों की शहादत को याद करते हुए समाज में एकजुटता और भाईचारे का संदेश भी देगी। याद करो कुबार्नी थीम पर आयोजित दौड़ का आयोजन जटायु रेवाड़ी राइडर्स और नई राह फाउंडेशन की अध्यक्ष रितिका खुराना की ओर से किया गया। जटायु राइडर्स के सदस्य सिद्धार्थ शर्मा, मोहित कुमार, संदीप यादव, यश सैनी, अजय, ललित दुआ और दीपक की दौड़ में भागीदारी है। इस अवसर पर धावक शानू और मनू की माता दीपिका चाहर, पिता राहुल चाहर, दादी बाला देवी, दादा विजय सिंह चाहर यदुवीर फोगाट, धनपत सिंह, जय प्रकाश लिसाना, सुमन गीला, रणसिंह सहरावत, चौधरी ईश्वर सिंह मौजूद थे। आयोजन टीम में प्रिंस स्पोटर्स अकेडमी से सुरेन्द्र सिंह, कप्तान भोलाराम यादव, कप्तान वीर सिंह यादव, पूर्व सैनिक कल्याण संगठन रेवाड़ी, राजपाल यादव, कप्तान देवपाल, कप्तान हरिओम यादव, रविंद्र यादव, महासिंह आदि मौजूद रहे।

रेवाड़ी। शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते संगठनों के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

शहीद भगत सिंह एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक वैचारिक विरासत: कंवर सिंह

आजादी आंदोलन के महान क्रांतिकारी योद्धा शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के शहीदी दिवस पर शहीद भगतसिंह यादगार कमेटी धारुहेड़ा की ओर से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। नगर पालिका धारूहेड़ा के चेयरमैन कंवर सिंह यादव, उप चेयरमैन अजय जांगडा, यादगार कमेटी के अध्यक्ष कॉमरेड रमेश चंद्र, सचिव राकेश सैनी पार्षद व मास्टर महावीर सिंह खरखड़ा ने शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर राजेन्द्र सिंह, महाबीर सिंह, पवन शौर्या, जीतन उर्फ जीतू शौर्या, अजायब सिंह, सत्यप्रकाश, हरिनारायण प्रसाद, मदन गोपाल सैनी, मनोज यादव, हनुमान, आनंद मोहन, साहिब सिंह व यश सहित अनेक लोग मौजूद थे। इस अवसर पर कॉमरेड रमेश चंद्र ने कहा कि शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव का सपना था कि देश में शोषणमुक्त समाजवादी शासन की स्थापना हो, परंतु आजादी आंदोलन में कांग्रेस के समझौता परस्त नेतृत्व के चलते इन महान शहीदों का सपना बीच मंजिल में ही लूट लिया गया। आजादी के बाद से देश में तेजी से किसान मजदूर व मेहनतकश तबके पर जुल्म अत्याचार बढ़े हैं। चारों ओर जुल्म अत्याचार व मंहगाई-बेरोजगारी का बोलबाला है। चेयरमैन कंवर सिंह ने कहा कि शहीद भगत सिंह एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक वैचारिक विरासत है। आज उनके विचारों को आम जनता में व्यापक स्तर पर फैलाने की जरुरत है ताकि शहीद भगत सिंह के सपनों का समाजवादी समाज स्थापित किया जा सकें।

शहीद भगत सिंह ब्रास मार्केट नामकरण की मांग

रविवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस पार्क में सामाजिक संगठन डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गेनाइजेशन व महिला सांस्कृतिक संगठन सहित अन्य सामाजिक संगठनों की ओर से शहीद भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु के 94वें बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर शहीदों की याद में स्मृति सभा का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने हिस्सा लिया। वक्ताओं ने ब्रास मार्केट का नाम शहीद ए आजम भगत सिंह ब्रास मार्केट नामकरण के साथ मार्केट में शहीद भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की। वहीं सीनियर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेवाड़ी का नाम आजादी आंदोलन के महान नेता लाला लालपतराय के नाम से करने की मांग की। इन दो मांगो को पूरा करने के लिए नगर परिषद एवं जिला प्रशासन से मांग की गई है। इस अवसर पर शहीद भगत सिंह के मौलिक विचारों पर आधारित एक पुस्तिका का भी विमोचन किया गया। स्मृति सभा की अध्यक्षता मनोज यादव रिटायर्ड ईओ ने की। कार्यक्रम में अजय सिंह एडवोकेट सचिव, सुरेंद्र रोहिल्ला एडवोकेट, पवन कुमार, कैलाश चंद प्रधान एम्स संघर्ष समिति, मूलचंद आर्य, कृष्ण कुमार, हरिओम, कृष्णा देवी, सुमन देवी महिला सांस्कृतिक संगठन, सहीराम यादव, अमर सिंह राजपुरा, हिम्मत मेहरा एडवोकेट, रमेश चंद, गीता देवी, संदीप कुमार, आर के भारत, नरेश कुमार, रणबीर एडवोकेट, डा. लेखराम मेहरा व सुचित्रा सिंह मौजूद थे।

आज भी देश के युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं शहीद भगतसिंह: हरिप्रकाश

- कार्यक्रम में तन्वी, ओजस्वी व पूर्वांशी ने देशभक्ति की सुंदर कविता सुनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रेवाड़ी। अतिथियों को शहीदों के चित्र भेंट करते आयोजक।

हमारा परिवार संस्था की ओर से रविवार को पंजाबी धर्मशाला में शहीद-ए-आजम भगतसिंह, राजगुरु व सुखदेव के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम मेरा रंग दे बसंती चोला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्राचार्य हरिप्रकाश यादव, शिक्षाविद एवं समाजसेवी कुसुम यादव व संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने कहा कि भगतसिंह में बाल्यपन से ही देशभक्ति का जज्बा भरा हुआ था। बालक भगत सिंह का जज्बा देखकर उनके पिता समझ गए कि यह निश्चय ही बड़ा होकर महान क्रांतिकारी बनेगा। वक्ताओं ने कहा कि शहीद भगत सिंह आज भी देश के युवाओं के प्रेरणास्त्रोत है। हिंदू युवा वाहिनी के जिला प्रभारी श्याम सुंदर हिंदू, गुरु तेग बहादुर शहीदी जत्थे के संयोजक सरदार कश्मीर सिंह, शिक्षाविद राजेंद्र सिंह यादव चांदावास वाले व डा. बलबीर अग्रवाल ने कहा कि 1919 में जलियांवाला बाग हत्याकांड के नृशंस गोलीकांड को देखकर शहीदे आजम का खून खौल उठा। उन्होंने वहां की खून से सनी मिट्टी की सौगंध लेकर कहा कि अब उनका जीवन भारत माता की स्वतंत्रता को समर्पित रहेगा। कार्यक्रम में तन्वी, ओजस्वी व पूर्वांशी ने देशभक्ति की सुंदर कविता सुनाई। उल्लेखनीय सेवाओं के लिए खुशियों के ब्रांड एंबेसडर प्रदीप शर्मा, समाजसेवी राजेंद्र गेरा, सफाई योद्धा त्रिभुवन भटनागर व समाजसेवी आदर्श राजपाल को सम्मानित किया। अतिथियों को शहीद ए आजम भगत सिंह, भारत माता, चंद्रशेखर आजाद व सुभाष चंद्र बोस के चित्र प्रदान किए गए। इस मौके पर पूर्व नगर प्रधान सरोज भारद्वाज, हमारा परिवार महिला प्रधान नेता सिकरी, महिला संयोजक शशि जुनेजा, वरिष्ठ भाजपा नेत्री दीपा भारद्वाज, हिमांशु पिपलानी, जूही, पुरुषोत्तम नंदवानी आदि मौजूद रहे।

महावर सभा के चुनाव निर्विरोध संपन्न नई कार्यकारिणी में राजीव बने प्रधान

- सभा के वरिष्ठ सदस्यों ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रेवाड़ी। महावर सभा के नए पदाधिकारी व समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

महावर सभा के चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हो गए। चुनाव अधिकारी एडवोकेट आनंद कुमार गुप्ता ने बताया की चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी रूप से पूरी हुई। सभी पदों पर प्रत्याशियों का चयन सर्वसम्मति से निर्विरोध किया गया। एडवोकेट राजीव गुप्ता को महावर सभा का अध्यक्ष, नरेश गुप्ता उपाध्यक्ष, सीए सुबोध गुप्ता सचिव, कपिल गुप्ता सह सचिव, सीए अमित गुप्ता कोषाध्यक्ष तथा अनिल कुमार गुप्ता, निरंजन गुप्ता, हेमंत गुप्ता एवं तेजप्रकाश को कार्यकारी सदस्य चुना गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष एडवोकेट राजीव गुप्ता ने कहा कि वह समाज के हित में कार्य करते हुए संगठन की मजबूती पर विशेष ध्यान देंगे।

उन्होंने सभी सदस्यों को विश्वास दिलाया कि संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य किया जाएगा। सभा के वरिष्ठ सदस्यों ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई दी।

जल्द ही कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। इस मौके पर पूर्व प्रधान नवल किशोर गुप्ता, विनोद गुप्ता, मोहन लाल गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, पार्षद भूपेंद्र गुप्ता, लघु उद्योग भारती के जिला संयोजक संजय डाटा व आदित्य डाटा मौजूद थे।

बिना ओटीपी आए बैंक खाते से उड़ाए एक लाख रुपये

रेवाड़ी। भक्ति नगर के एक व्यक्ति के बैंक खाते से एक लाख रुपये उड़ा दिए गए। उसके मोबाइल फोन पर कोई लिंक या ओटीपी भी नहीं आया। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। पुलिस शिकायत में सुरेंद्र कुमार ने बताया कि पत्नी के साथ ज्वाइंट अकाउंट है। उसने अकाउंट में पैसे होने के कारण जयप्रकाश को चेक दिया था। उसके पास जयप्रकाश का फोन आया कि उसका चेक बाउंस हो गया। वह पूछताछ करने के लिए बैंक शाखा गया तो पता चला कि उसके खाते एक पहली बार 25 हजार और दूसरी बार 75 हजार रुपये निकाले गए हैं। उसने पुलिस को बताया कि उसके पास न तो किसी तरह का लिंक आया था और न ही फंड ट्रांसफर करने के लिए ओटीपी नंबर आया था। इसके बावजूद उसके खाते से 1 लाख रुपये गायब हो गए। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करते हुए उन खातों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए, जिनमें उसकी रकम ट्रांसफर हुई है।

रेवाड़ी। कन्या जन्म पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश देते हुए। फोटो :हरिभूमि

गांव शहबाजपुर खालसा में कन्या के जन्म पर कुआं पूजन कर मनाई खुशियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

बिगड़ते लिंगानुपात को सुधारने में जहां सरकार प्रयासरत हैं वहीं लोगों में भी इसके प्रति जागरूकता देखी जा रही हैं। गांव शहबाजपुर खालसा में बेटी के जन्म पर कुआं पूजन का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी वर्कर्स नीतू यादव ने बताया कि समाज में बेटियों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का शुभारंभ वर्ष 2015 में किया गया था। इस योजना का उद्देश्य उत्तराखंड, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में लिंग अनुपात में सुधार करना है। आज बेटियों के शिक्षित होने से समाज के प्रति सोच बदल रही हैं। भिवाड़ी ब्रांच में पीएनबी में सीनियर मैनेजर दीपेश यादव व केमेस्ट्री शिक्षिका सोनू यादव ने बेटी देवीशा के जन्म पर कुआं पूजन का आयोजन किया। शहबाजपुर खालसा के सरपंच मनोज यादव ने देवीशा को उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर कविता देवी, सुमित्रा देवी, आशा वर्कर कैलाश देवी व पूनम यादव सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

रोटरी क्लब ने शहीदी दिवस पर दी श्रद्धांजलि

नारनौल। अमर शहीद भगत सिंह की पुण्यतिथि शहीदी दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब नारनौल सिटी में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। शहीद भगत सिंह को याद करते हुए रोटरी क्लब प्रधान विनोद चौधरी ने कहा कि मात्र 23 वर्ष की छोटी आयु में देश की आजादी के लिए बलिदान होने वाले अमर शहीद सरदार भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु जैसे भारत मां के लाड़लों की शहादत को भुलाया नहीं जा सकता।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 1500/-
10X 8 सें.मी		रु. 2000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

गुर्जरवास के पास सड़क दुघर्टना में युवक की मौत

कोसली। गुर्जरवास गांव के समीप रविवार को हुई एक सड़क दुघर्टना में लिसान गांव के एक युवक की मौत हो गई। मृतक युवक के भाई ने दुर्घटना करने वाले कार चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। मृतक अनिल के बड़े भाई आशीष ने नाहड़ पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रविवार प्रातः करीब 5:30 बजे वह अपने छोटे भाई अनिल के साथ मोटरसाइकिल से कुलाना जा रहा था। गुर्जरवास गांव से थोड़ा आगे वे लघुशंका के लिए रूक गए। अनिल मोटरसाइकिल के पास खड़ा था। इसी दौरान पीछे से आ रही कार के ड्राइवर ने तेज रफ्तार से उसके भाई को टक्कर मार दी। उन्होंने अपने भाई को नाहड़ अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे रेवाड़ी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। रेवाड़ी अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

- मृतक युवक के भाई ने दुर्घटना करने वाले कार चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कराया

परीक्षा अनुशासन व व्यक्तित्व निर्माण और विकास में एनसीसी की अहम भूमिका : प्राचार्य

सैनिक स्कूल में एनसीसी 'ए' सर्टिफिकेट परीक्षा आयोजित, 105 कैडेट्स ने दी परीक्षा

खास बातें
- स्कूल में प्रायोगिक व लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया
- दोनों परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने वाले कैडेट्स को एनसीसी का 'ए' प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रेवाड़ी। सैनिक स्कूल में प्रायोगिक परीक्षा देते कैडेट्स तथा सैनिक स्कूल में लिखित परीक्षा देते कैडेट्स। फोटो : हरिभूमि

ग्राम गोठड़ा अहीर स्थित सैनिक स्कूल में एनसीसी 'ए' सर्टिफिकेट परीक्षा का आयोजन किया गया। विद्यालय एनसीसी के जूनियर डिवीजन के 105 कैडेट्स ने परीक्षा दी। स्कूल में प्रायोगिक व लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। विद्यालय एनसीसी के कमान अधिकारी विंग कमांडर सुनैना चाहार ने बताया कि दो वर्ष के जूनियर डिवीजन के प्रशिक्षण के पश्चात कैडेट्स प्रायोगिक और लिखित परीक्षा में प्रतिभागिता करते हैं। दोनों परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने वाले कैडेट्स को एनसीसी का 'ए' प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाता है। परीक्षा में बैठने के लिए प्रशिक्षण के दौरान दोनों वर्षों में अलग-अलग 75 प्रतिशत उपस्थिति एवं एक वार्षिक प्रशिक्षण कैंप यानि एटीसी अनिवार्य होता है।

प्रायोगिक परीक्षा के अंतर्गत ड्रिल टेस्ट, मैप रीडिंग एवं हथियार प्रशिक्षण की परीक्षा ली गई। सैनिक स्कूल में एनसीसी की स्वतंत्र यूनिट है जो अपने कैडेट्स को कक्षा नौवीं-दसवीं में 'ए' सर्टिफिकेट तथा कक्षा ग्यारहवीं-बारहवीं अध्ययन काल के दौरान 'बी' सर्टिफिकेट की परीक्षाओं में सफल बनाकर उत्तरोत्तर 'सी' सर्टिफिकेट पाने के योग्य बनाती है, जिससे कैडेट्स सीधे राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के सर्विस सिलेक्शन बोर्ड यानि एसएसबी साक्षात्कार का सामना करने की योग्यता पात्रता प्राप्त कर लेते हैं। विद्यालय प्राचार्य कैप्टन ब्रिज किशोर स्वयं एनसीसी के माध्यम से चयनित होकर भारतीय नौसेना में अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं।

उन्होंने कहा कि एनसीसी युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना पैदा करने में अहम भूमिका निभा रही है। सामाजिक कार्यों, अनुशासन और व्यक्तित्व निर्माण व विकास में एनसीसी की अहम भूमिका रही है। विद्यालय एनसीसी के माध्यम से कैडेट्स को समाज के अच्छे नागरिक बनाने और उन्हें जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में योग्य और अग्रणी बनाने के लिए उनमें चारित्रिक गुणों का विकास करने के लिए कृत संकल्पित है।

उन्होंने परीक्षा के आयोजन के लिए विद्यालय एनसीसी एएनओ डा. विजय कुमार द्विवेदी, विद्यालय एनसीसी सैकेंड ऑफिसर गौरव उपाध्याय व एनसीसी स्टाफ के सामूहिक प्रयासों की सराहना की।